Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding issue of Swasthya Suraksha Card in Ayushman Bharat Schemes.

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले अपने यशस्वी प्रधान मंत्री जी को मछलीशहर लोक सभा क्षेत्र की जनता की तरफ से धन्यवाद देता हूं। जो कृषि सुधारों का ऐतिहासिक विधेयक पास हुआ, वह किसानों के हित में पास हुआ। एक देश, एक बाजार, बिचौलिया मुक्त हुए किसान।

महोदय, हम लोग जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं, इसलिए देश और जनता के प्रति जवाबदेह भी हैं। देश के गरीब, किसान, मजदूर और लाखों लोगों ने प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना का लाभ लिया। इस योजना को देशवासियों ने बहुत सराहा। जो गरीब 500 रुपये या 1,000 रुपये तक का इलाज नहीं करा पाते थे, पैसे के अभाव में दम तोड़ देते थे, आज उनको पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवर मिल रहा है। लाभार्थी प्रधान मंत्री जी को दुआयें दे रहे हैं। लाखों गरीबों की इस योजना के माध्यम से जान बचाई जा सकी है।

महोदय, जब मैं अपने संसदीय क्षेत्र मछलीशहर में जनता से मिलता हूं, तो उनका एक सवाल बहुत मार्मिक होता है कि क्या मेरा स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड बनेगा? मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना के तहत जो पात्र लाभ से वंचित रह गए हैं, खासकर उत्तर प्रदेश में पुन: योजना लागू करवाने की कृपा करें, जिससे वंचित गरीब, किसान, मजदूरों को भी प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके।

अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।